तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 18 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 किसान कांग्रेस ने राज्य सरकार पर लगाया वादाखिलाफी ...



12 दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय...



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**बालोद।** जिला मुख्यालय से खरीदी कर घर लौट रहे पति-पत्नी को ग्राम नेवारीखुर्द के पास वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर से घायल पत्नी का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। ग्राम पैरी निवासी तुलाराम निर्मलकर ने बताया कि 14 दिसंबर को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 आर 5569 से अपनी पत्नी सविता बाई निर्मलकर के साथ अपने घर से बच्चों के लिये कपड़ा खरीदने बालोद आया हुआ था। वापस अपने घर जाने के दौरान ग्राम नेवारीखुर्द के पास मेनरोड पर पीछे से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएन 8724 के चालक ने उनकी मोटर सायकिल को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। इससे मैं और मेरी पत्नी घायल हो गए। हमें राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल बालोद लाया गया जहां मेरा प्राथमिक उपचार हुआ, वहीं मेरी पत्नी को उपचार के लिए भती किया गया। इस मामले में सोमवार को बालोद थाने में वाहन चालक के खिलाफ 125(ए)बीएनएस, 281बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### युवक ने किया अग्नि स्नान, मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कसही लो निवासी महेंद्र कुमार साहू पिता नोहर साहू ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर अग्नि स्नान कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग 10 बजे वह घर से खाना खाकर दोस्तों के साथ कार से निकला था। नगर के कसही चौक में आकर उसने शौचालय जाने कर बहाना बनाकर कुछ ही दूरी पर स्वयं पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। उसके दोस्तों ने परिजनों को सूचित कर घटनास्थल पर बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 108 के माध्यम से शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया।

### नशीला कफ सिरप बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंग संधु ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौहान टाउन के पास बस स्टाफ में प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सीएसपीजी सीएल कालोनी दर्री बैराज थाना कोरबा निवासी आदित्य गुप्ता जो फिलहाल चौहान टाउन एच 01/ 26 पेंट हाउस में रहता है। जिसे जुनवानी से पकड़ा गया। युवक के पास से सुटकेश से 54 नग नशीली प्रतिबंधित कप हाइड्रोक्लोराइड सिरप, ब्रिकी रकम सात सौ रुपए नगद, मोबाईल जिसकी कीमत 15 हजार 130 रुपए आंकी गई है।

## नगर पालिका परिषद् बेमेतरा सहित सभी नगर पंचायतों में निर्वाचन के लिए हुआ वार्डों का आरक्षण

# बेमेतरा नगर पालिका परिषद के 3 वार्ड एससी व 7 ओबीसी के लिए आरक्षित, 11 में खुली चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों का छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 क में दिए गए प्रावधान अनुसार वार्डा का लॉटरी निकाल कर आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद् बेमेतरा के 21 वार्ड, नगर पंचायत नवागढ़, बेरला, भिंभौरी, कुसमी, देवकर, दाढ़ी, साजा, परपोड़ी, और थानखम्हरिया के 15-15 वार्डों का आरक्षण भी किया गया।

आरक्षण की इस प्रक्रिया में जनप्रतिनिधि और नागरिकों मौजूद रहे। सर्वप्रथम नगर पालिका परिषद् बेमेतरा के वार्डा का आरक्षण प्रक्रिया प्रारम्भ हुआ। जिले की एकमात्र नगर पालिका बेमेतरा में 21 वार्ड हैं। आरक्षण के तहत एससी वर्ग के लिए एक महिला तथा दो मुक्त इस तरह कुल तीन वार्ड आरक्षित किए गए, वहीं पिछड़े वर्ग के लिए सात सीटें आरक्षित हुईं। अनारक्षित श्रेणी में 11 वार्ड आए। किए गए आरक्षण पर एक बारगी से नजर दौड़ाई जाए तो वर्तमान 21 पार्षदों में से 12 पार्षद ऐसे हैं जो फिर से अपने वार्डों में चुनाव लड़ सकते हैं, जबकि 9 पार्षद अपने वार्ड के चुनाव से वंचित हो जाएंगे तथा इसके लिए वे अब अगल-बगल के वार्ड पर नजर बनाए हुए हैं।

**खास बातें**

- जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुई आरक्षण की प्रक्रिया
- वार्डों के आरक्षण के बाद राजनीतिक सरगर्मी शुरू, अध्यक्ष के आरक्षण पर टिकी निगाहें
- कई दिग्गज आरक्षण के चपेट में.... तो बगल के वार्डो पर बनी नजर..



### कई पार्षद अपने वार्ड से नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

जिले की राजनीति के केंद्र बिंदु नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड के आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही जो अपने वार्ड में चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं, उनकी निगाह अब अध्यक्ष के आरक्षण पर टिकी हुई है। अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक तरह से राजनीतिक सर गर्मी बढ़ जाएगी। जो पार्षद अपने वार्ड से चुनाव लड़ने से वंचित हो चुके हैं, उनमें से मुख्य रूप से नीलू राजपूत, नीतू कोठारी, पंचू साहू ,धर्म वर्मा, राम ठाकुर, साधेलाल बघेल, रानी बंटी चावला, रश्मि मिश्रा का नाम शामिल है। हालांकि इनमें से कुछ नाम ऐसे हैं, जो अध्यक्ष की दावेदारी में प्रमुखता से नजर बनाए हुए हैं, किंतु उन्हें भी अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतजार है। अध्यक्ष पद के आरक्षण के बाद तस्वीर साफ होगी कि कितने लोग उसे दायरे में आते हैं।जो लोग दायरे में आते हैं, वे अध्यक्ष की तैयारी में लगेंगे, बाकी बचे हुए पार्षद अगल-बगल के वार्डों पर अपनी नजर बनाएंगे, ताकि वे जीत कर एक बार फिर से नगरपालिका तक पहुंच सकें।


### नगर पालिका के 21 तथा नगर पंचायत के 119 वार्डों का आरक्षण हुआ

मंगलवार हुई आरक्षण प्रक्रिया में बेमेतरा नगर पालिका के 21 वार्ड तथा जिले की आठ नगर पंचायतों में 120 वार्ड में से 119 वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया की गई, जबकि थान खमरिया नगर पंचायत के एक वार्ड के आरक्षण की प्रक्रिया, तकनीकी दिक्कतों के चलते नहीं की जा सकी।

### नगरपालिका परिषद बेमेतरा आरक्षण 2024

वार्ड 01 अनु. जाति (मुक्त)
वार्ड 02 अनारक्षित महिला
वार्ड 03 अनारक्षित मुक्त
वार्ड 04 अनारक्षित मुक्त
वार्ड 05 अनारक्षित मुक्त
वार्ड 06 अनारक्षित महिला
वार्ड 07 पिछड़ा वर्ग महिला
वार्ड 08 पिछड़ा वर्ग महिला
वार्ड 09 अनु. जाति महिला
वार्ड 10 पिछड़ा वर्ग मुक्त
वार्ड 11 पिछड़ा वर्ग महिला
वार्ड 12 अनारक्षित
वार्ड 13 अनु.जाति मुक्त
वार्ड 14 अनारक्षित
वार्ड 15 महिला अनारक्षित
वार्ड 16 अनारक्षित महिला
वार्ड 17 पिछड़ा वर्ग मुक्त
वार्ड 18 अनारक्षित
वार्ड 19 पिछड़ा महिला
वार्ड 20 अनारक्षित
वार्ड 21 पिछड़ा मुक्त

## मतदाता सूची में छेड़छाड़ का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

आगामी होने वाले नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर निर्वाचक नामावली तैयार की गई है। नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अतरगंवा में मतदाता सूची में हेरफेर किए जाने की शिकायत मतदाताओं ने नवागढ़ एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को लिखित में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत अतरगंवा के ग्रामीण मतदाताओं ने आवेदन देकर ग्राम पंचायत सचिव पर आरोप लगाया कि बिना मतदाताओं की अनुमति से मतदाता सूची में उनके नाम के साथ हेर फेर कर मौजूदा वार्ड से नाम काटकर अन्य वार्ड में जोड़ दिया गया है। इस पर दावा आपत्ति लगाकर पूर्व की तरह उसी वार्ड में नाम को वापस जोड़े जाने का निवेदन किया गया था, परन्तु पंचायत सचिव संतोष राजपूत ने दावा-आपत्ति आवेदन में ही छेड़छाड़ कर दिया। शिकायत में लिखा गया है कि यह कृत्य न केवल अनैतिक है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को भी प्रभावित करता है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- ग्राम पंचायत अतरगंवा के ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

## रंग रोगन व जीर्णोद्धार के लिए तरस रहा बेरला शासकीय पशु चिकित्सालय भवन

### कई साल से पोताई-लिपाई नहीं होने से जीर्ण-शीर्ण नजर आ रहा भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर व रंग रोगन के लिए तरस रहा है। सालों से रंग रोगन नहीं हुआ है, जिसके कारण से पुराने जर्जर भवन के रूप में दिखाई देने लगा है। लोगों का मानना है कि शासकीय पशु चिकित्सालय कार्यालय के आस पास अन्य दुकानें व गुप्त स्थल के रूप में होने पर कई लोगों को जानकारी का अभाव है। इस संबंध में रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि पशु चिकित्सालय बेरला कार्यालय की सालों से लिपाई पोताई नहीं हुई है, साथ ही जर्जर की स्थिति बन गयी है। इसके कारण इस तरफ लोगों का ध्यान ही नहीं जा पाता। उन्होंने बताया कि कार्यालय का नाम तक ठीक से दिखाई नहीं देता। वहीं संबंधित कार्यालय द्वारा ऐसा समय बनाया गया है, जिसके कारण से डॉक्टर से आपातकाल में उचित इलाज के लिए भटकना पड़ता है। अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी भी पशु चिकित्सा में बाधक बन रहा है। संसाधनों की कमी की वजह से पशुपालक परेशान रहते हैं। कार्यालय के खिड़की-दरवाजे टूट चुके हैं। काफी समय से भवन का रंग रोगन भी नहीं हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के लोग अपने पशुओं के इलाज के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर है। इसी जर्जर भवन में अधिकारियों की बैठने, दवा रखने व पशुओं का इलाज हो रहा है।

### दवा सहित अन्य सुविधाओं का भी अभाव

बता दें कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पशुपालक आते हैं। कई सालों से भवन की मरम्मत नहीं हुई है। हवा व पानी के कारण दवाइयां खराब हो जाती हैं। जर्जर भवन में बैठकर अधिकारी-कर्मचारी काम करते हैं। वहीं बेजुबानों की सेहत सुधार के ढांचागत विकास पर नजर डालें तो सब कुछ सन्नाटा दिखाई देता है। संसाधनों की उपलब्धता का भले ही दावा किया जा रहा हो, लेकिन अभी भी यहां दवाओं से लेकर अन्य सुविधाओं का अभाव है, जिस कारण पशुपालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल पर क्षेत्र के पशुओं के इलाज तथा टीकाकरण का जिम्मा है। दवाओं का भी अभाव बना रहता है। रखरखाव करना विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

### आवास योजना में रिश्वत का आरोप सिद्ध, रोजगार सहायक हटाए गए

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत घठोली में रोजगार सहायक भागीरथी ध्रुव पर आवास दिलाने के नाम पर हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये वसूली का आरोप सिद्ध हुआ है। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उन्हें पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका ध्रुव द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच प्रतिवेदन में दोष सिद्ध होने पर महात्मा गांधी नरेगा प्रकोष्ठ, नया रायपुर के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्य पालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है ।

## जेल में निरूद्ध 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की जांची गई सेहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के द्वारा 10 दिसम्बर से 10 मार्च 2025, तक पुराने एवं असाध्य रोग से पीड़ित बंदियों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नालसा द्वारा प्राप्त एसओपी के तहत बृजेन्द्र कुमार शास्त्री अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा गठित जिला यूनिट द्वारा जिला जेल का निरीक्षण कर प्रत्येक अंडरट्रायल कॉनविक्ट डिटेन्यू एंड ऑथर निरूद्ध बंदी से उनके उम्र एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान 70 वर्ष या उसके अधिक उम्र, असाध्य बीमारी से ग्रस्त बंदी का डाटा तैयार करने और स्वास्थ्य की जांच के लिए जिला जेल चिकित्सा अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा निधि शर्मा, जिला जेल अधीक्षक दिनेश ध्रुव, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ मोतीलाल वर्मा, असिस्टेंट अमन दुबे, गीता दास, अधिकार मित्र पीएलव्ही उपस्थित थे।

## आईटीबीपी व सीआरपीएफ में खंडसरा के दो युवकों का चयन



**बेमेतरा।** देश सेवा के जुनून और सेना में भर्ती होने के जज्बे से भरे खण्डसरा अंचल के गाँव के दो युवकों का कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 2023 में आयोजित परीक्षा के माध्यम से जगमड़वा के मुकेश पाटिल, भारत तिब्बत सीमा बल पर वहीं लावतरा के विजय धृतलहरे, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पर चयनित हुए। पूर्व में दो बार असफल होने पर भी हार न मानते हुए अपना प्रयास जारी रखा अंत तह सफल हुए है। वहीं हेमेंद्र मंडावी, दीपक पाटिल, करण कुमार विगत वर्ष असफल होने पर भी आगामी भर्ती परीक्षा के लिए अपना प्रयास जारी रखे हुए हैं।विदित हो इस अंचल के ये पहले युवक हैं, जो भारती सेना के लिए तैयार हो रहे हैं। सेना के क्षेत्र में चयन पर विद्यालय परिवार के प्राचार्य महेश साहू, अजय शर्मा, नीलम तिवारी, महादेव कौशल, अरविंद सोनी, श्रद्धा चंद्राकार, मोहित रावत, रोशन सिन्हा, गोदावरी सिन्हा सहित अनेक ग्रामीणों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के ग्रामीण युवा सेनानी बनने की लिए प्रेरित होंगे। वहीं चयनित सेनानियों ने मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने की बात कही।

## परिवार के लोगों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शहर के मरारपारा में मामूली सी बात को लेकर एक परिवार के पांच लोगों के बीच मारपीट हो गई। मामले में लगभग एक माह बाद 16 दिसंबर को बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मरारपारा बालोद निवासी निकहत नशीन ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर को अपने घर के बाहर खड़ी स्कूटी को घर आंगन में ले जा रही थी, तभी मेरे ससुर मो. याशिन खान यहां पे स्कूटी क्यों खड़ी करती हो कहकर मारपीट करने लगे। उनके साथ सास रशीदा बेगम एवं मेरे देवर मो. निशार खान ने भी मारपीट की। मारपीट करते देख मेरी बड़ी लड़की आशिफा अंजुम बीच बचाव करने पहुंची, तो उसके चाचा ने उसे भी पीटा। उन्होंने कहा कि परिवारिक मामला होने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

## मोबाइल अकादमी कोर्स में जिला राज्य में पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित मोबाइल अकादमी कोर्स में बेमेतरा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए 12 दिसंबर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा जिले को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में जिला डाटा प्रबंधक मयंक जैन ने जिले की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो ग्रहण किया। जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव की देखरेख में, यह सफलता मितानिन समन्वयक ललिता मेरावी, जिला सहायक डेटा प्रबंधक विजय साहू, विकासखंड डाटा प्रबंधकों और समन्वयकों की टीम के सामूहिक प्रयास से कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शत-प्रतिशत मोबाइल अकादमी कोर्स पूरा करने और जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मितानिनों को बधाई दी। इस उपलब्धि ने बेमेतरा जिले को स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल क्रांति के तहत एक नई पहचान दिलाई है।

### मोबाइल अकादमी कोर्स का महत्व

मोबाइल अकादमी कोर्स, मितानिनों के कौशल को निखारने और उनके कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स के माध्यम से मितानिनों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 14 ऑडियो पाठ सुनने और 11 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। सफलतापूर्वक 22 अंक अर्जित करने पर मितानिनों को प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। यह कोर्स मुफ्त है और मोबाइल फोन पर डॉ. अनीता की आवाज़ के माध्यम से आयोजित होता है।

### किलकारी मोबाइल सेवा का योगदान

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे ने बताया कि किलकारी मोबाइल सेवा ने डिजिटल माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना सरल बनाया है। गर्भवती महिलाएं अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन कराकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ ले सकती हैं।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि
याद करते है जब भी, आपको यादों से, दिल भर आता है,
साथ बैठा करते थे सब, आज देखने को दिल तरस जाता है।



- जन्म -
21 अगस्त 1968
- स्वर्गवास -
18 दिसंबर 2013

स्मृति शेष श्रीमती ममता शर्मा
महकाया था तुमने अपने कुल का उपवन
लगता था जैसे कि है नंदन वन
सदा याद करता रहेगा तुम्हें हम सब का मन
श्रद्धानवत - चिराग-सोनम शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
इं. शिखा-दीपक जी पांडेय (पुत्री-दामाद)
इं. अंकुश शर्मा, इं. शुभम शर्मा (भतीजा)
इं. पायल-ज्ञानेश जी शर्मा (भतीजी)
शोकाकुल - गौतम शर्मा (पति) एवं समस्त शर्मा परिवार
साजा (जिला-बेमेतरा) व राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पटवारियों ने किया ऑनलाइन कामकाज का बहिष्कार

**रायपुर।** इंटरनेट, कम्प्यूटर सिस्टम-लैपटॉप जैसे ऑनलाइन संसाधन व भत्ता की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी सोमवार से ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर दिए हैं, वहीं तहसीलदार व पटवारियों का संयुक्त रूप से बने वाट्सएप ग्रुप से भी लेफ्ट हो गए हैं। इस वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पटवारियों को तहसीलदारों द्वारा ऑनलाइन राजस्व से संबंधी कार्य करने आदेश दिए जाते थे। ग्रुप से लेफ्ट होकर पटवारियों ने इस आदेश का बहिष्कार किया है। इससे पूर्व पटवारियों ने काले रंग के कपड़े पहनकर विरोध जता चुके हैं।

### नारायण ईस्ट कोस्ट रेलवे के परामर्श दात्री समिति के बने सदस्य

**रायपुर।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के



क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति जेडआरयूसी में नारायण भूषणिया को रेल मंत्रालय ने सदस्य के रूप में नामांकित किया है। श्री भूषणिया का कार्यकाल 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2026 तक 2 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

### कुश्ती टूर्नामेंट में बीएसपी अखाड़ा के पहलवान छाये रहे



**भिलाई।** इंटर कॉलेज स्टेट कुश्ती टूर्नामेंट में बीएसपी अखाडा के पहलवान छाए रहे। साइंस कालेज दुर्ग में हुई स्पर्धामें आलोक कुमार (फ्री स्टाईल-70 किग्रा) प्रथम, विजेन्द्र पाल सिंह (फ्री स्टाईल-86 किग्रा) प्रथम रहे। ग्रीको रोमन में पवन कुमार पासवान 60 किग्रा प्रथम, विशाल पांडेय-63 किया प्रथम, सचिन पासवान 77 किग्रा प्रथम, शिवशंकर पासवान 62 किग्रा प्रथम, शशांक यादव-87 किग्रा प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये पहलवान 08 जनवरी 2025 से 12 जनवरी तक हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी पहलवानों को महाप्रबंधक जेपी सिंह और अध्यक्ष बीएसपी कुश्ती क्लब तथा कोच भगवान पहलवान, अश्विनी पांडेय एवं समस्त पहलवानों द्वारा हौसलाआफजाई की गई है।

### लीज नवीनीकरण पर निकलेगा सम्मानजनक हल



**भिलाई।** स्टील सिटी चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रभारी सीजीएम दिनेश कुमार से मिलकर लीज नवीनीकरण प्रकरण के लंबित विषय सीजीएम उत्पल दत्ता के वापस आने तक विराम लगाने की मांग की है। इससे टाउनशिप के व्यापारियों को राहत मिलेगी। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि लीज नवीनीकरण मामले में एचडी कुमार स्वामी इस्पात मंत्री ने विगत दिनों दुर्ग सांसद विजय बघेल को आश्वस्त किया था कि इस्पात मंत्रालय स्तर पर लीज नवीनीकरण प्रकरण पर चर्चा कर सम्मानजनक हल निकाला जाएगा । बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अर्निबान दास गुप्ता भी उपस्थित थे मामले में स्टील सिटी चैंबर ने बीएसपी नगर सेवा विभाग के अधिकारियों के द्वारा की जा रही वर्तमान कार्यवाही पर रोष जाहिर करते हुए प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं से मिलने का निर्णय लिया। प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक दिनेश कुमार को स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद ने इस विषय पर पत्र शॉप पर मांग की कि जब तक प्रकरण इस्पात मंत्रालय के समक्ष विचाराधीन है, तब तक इस पूरी प्रक्रिया पर विभाग के द्वारा कोई ऐसे कार्य न किए जाए। इससे सामाजिक धार्मिक शैक्षणिक संस्थाओं के साथ व्यापारिक संस्थानों पर इसका प्रतिकूल असर पड़े।

# गणित के बाद अब विज्ञान भी 'स्टैंडर्ड और बेसिक', छात्र चुन सकेंगे सरल या कठिन पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कक्षा दसवीं के विद्यार्थी अब सरल अथवा कठिन विज्ञान का चुनाव कर सकेंगे। ना सिर्फ विज्ञान, बल्कि सामाजिक विज्ञान में भी छात्रों को यह विकल्प दिया जाएगा। अब तक सीबीएसई दसवीं कक्षा में गणित के विद्यार्थियों को ही ये विकल्प प्रदान करता रहा है, लेकिन दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी स्टैंडर्ड और बेसिक का विकल्प प्रदान किया जाएगा। इसके अनुसार पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाई जाएगी। ना सिर्फ दसवीं, बल्कि नवमी के विद्यार्थियों को भी यह विकल्प देने पर विचार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, इन विषयों को दो लेवल पर पेश करने का फैसला सीबीएसई की करिकुलम समिति की हाल ही में हुई बैठक में लिया गया। बोर्ड की गवर्निंग बॉडी, जो इसका सर्वोच्च फैसला लेने वाली अथॉरिटी है द्वारा फाइनल मंजूरी दिए जाने के बाद इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। अगले सत्र में इसे लागू नहीं किया जाएगा। नवमी और दसवीं दोनों ही कक्षाओं में इसे एक साथ लागू किया जाएगा।

- अब तक गणित विषय में ही दी गई थी विद्यार्थियों को यह सुविधा
- दो सत्र बाद शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी




### समान है सिलेबस

यह सुझाव दबाव और कोचिंग कल्चर को कम करने के लिए पॉलिसी के प्रयास का हिस्सा है। वर्तमान में दसवीं कक्षा में ही विद्यार्थियों को बेसिक और स्टैंडर्ड का विकल्प दिया जा रहा है। गणित (स्टैंडर्ड) और गणित (बेसिक) चुनने वाले स्टूडेंट्स के लिए सिलेबस समान है, लेकिन बोर्ड परीक्षा में पेपर और सवालों की कठिनाइ का लेवल अलग-अलग होता है। यह सिस्टम 2019-20 एकेडमिक ईयर में शुरू की गई थी। सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 की परीक्षा में बेसिक लेवल के लिए 6,79,560 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जबकि स्टैंडर्ड लेवल के लिए 15,88,041 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

### अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल

एडवांस्ड और बेसिक लेवल का ऑप्शन चुनने वाले स्टूडेंट्स अलग स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल करेंगे या केवल उनकी परीक्षा ही अलग होगी, इस पर भी मंथन होगा। सूत्रों के मुताबिक, सीबीएसई राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा नई टैक्टबुक्स के जारी होने का इंतजार कर रहा है, जो अपडेट नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के अनुरूप है। एनसीईआरटी ने पिछले साल कक्षा पहली और दूसरी के लिए तथा इस साल कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए नई टैक्सटबुक जारी की थी। नया एकेडमिक सेशन शुरू होने से पहले 2025 की शुरुआत में कुछ और कक्षाओं के लिए किताबें जारी होने की उम्मीद है।

## एमआईसी की बैठक में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर बनेंगे नए शौचालय, 2 स्थानों पर नई लाइब्रेरी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें 11 एजेंडों पर परिषद के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन प्रस्तावों के तहत शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय निर्माण, राजधानी में नालंदा की तर्ज पर दलदल सिवनी के साइंस सेंटर के पीछे स्थित खाली जगह पर 2 मंजिला नई लाइब्रेरी और नालंदा परिसर में 1000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, नया लाइब्रेरी भवन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। एक अन्य प्रस्ताव में राजधानी के आउटर वार्ड स्थित फुंडहर में टेनिस एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव एमआईसी में पारित हुआ।

युवाओं के लिए नए साल में 2 नई लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे खाली पड़ी जगह पर 500 सीटर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसी तरह जीई रोड स्थित नालंदा परिसर के पीछे 2 फ्लोर वाली सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय प्रशासन के तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा 2 जगहों पर नई लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नई लाइब्रेरी निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले दिनों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने और शैक्षणिक अध्ययन संबंधी कार्य में सहूलियत मिलेगी। एमआईसी की बैठक में नामकरण, स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव के अलावा फुंडहर में टेनिक एकेडमी के पास रिक्त भूमि पर इंडोर स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इंडोर स्टेडियम में 1 बास्केट बाल कोर्ट, 3 बैडमिंटन कोर्ट, 1 बाक्सिंग कोर्ट, 1 टेबल टेनिस कोर्ट के अलावा खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाएगा।

बैठक में एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, समीर अख्तर,रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, द्रोपती पटेल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन कमिश्नर व विभागीय अधिकारी उपस्थत रहे।



*6 सीटर शौचालय इन जगहों पर प्रस्तावित्र*

*0 पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूधाधारी मठ के पास*
*0 विद्याचरण शुक्ल वार्ड में एजेंसी पार्क के पास*
*0 महाद्वेघाट के पास.*

**10 सीटर शौचालय इन जगहों पर**

0 तेलीबांधा तालाब के पास
0 स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास
0 कटोरातालाब के पास
0 कालीमाता मंदिर के पास
0 महामाया मंदिर के पास
0 भाठागांव बस स्टेंड के पास
0 राम मंदिर के पास
0 जीई रोड में नालंदा परिसर के समीप
0 समता कालोनी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास
0 जगन्नाथ मंदिर के पास

हरिभूमि सरोकार

*13 जगहों पर नए शौचालय बनाने का प्रस्ताव : स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में 13 स्थानों पर 6 सीटर और 10 सीटर नया शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई टेडरिंग कर निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण व संचालन का कार्य करेगी। आकांक्षीय शौचालय शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर औश्र 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने पारित किया है।*

# दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर, 3 युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- खैरकट्टा के पास हुई दुर्घटना

ब्लॉक अंतर्गत खैरकट्टा के समीप 3 बाइक सवार युवकों को सामने से आ रहे बाइक सवार ने ठोकर मार दी। हादसे में 3 युवकों का पैर फ्रेक्चर हो गया। 108 की टीम ने घायल 3 युवकों का उपचार करते हुए उन्हें हॉस्पिटल पहुँचाया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कापसी निवासी 3 युवक देव नारायण उम्र 35 वर्ष, हंसाराम 30 वर्ष और योगराज 22 वर्ष बाइक में सवार होकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने खैरकट्टा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दी। इस हादसे में तीनों बाइक सवार गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। हादसे में देवनारायण और हंसाराम का दायाँ पैर, वहीं योगराज का बाँया पैर फ्रेक्चर हो गया। सूचना मिलने पर 108 के पायलट नरेंद्र कुमार और ईएमटी मनीषा साहू तुरन्त घटना स्थल पर पहुँचें और तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए उन्हें सीएचसी



डौंडी लोहारा अस्पताल लेकर आए। वहां से डॉक्टरों द्वारा बेहतर उपचार हेतु घायलों को मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया।

## जिले में 679 इकाइयों के माध्यम से किया जा रहा है जन्म-मृत्यु पंजीयन

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिले में जन्म-मृत्यु पंजीयन की स्थिति की समीक्षा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ने बताया कि जिले में 437 ग्रामीण, 08 नगरीय, 233 शासकीय अस्पताल व 01 बीएसपी अस्पताल इस तरह कुल 679 जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाइयां है। उक्त इकाईयों में आरजीआई साफ्टवेयर के माध्यम से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार मोबाईल एप्प के माध्यम से भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 08 नगरीय निकाय, 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 136 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 01 जिला अस्पताल, 01 बीएसपी अस्पताल एवं 437 ग्राम पंचायतों में ऑनलाईन पंजीयन कार्य हो रहा हैं। इस प्रकार जिले के 679 पंजीयन इकाईयों में से 618 पंजीयन इकाइयों में ऑनलाईन पंजीयन कार्य हो रहा है एवं 60 उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रसवविहीन अथवा भवन विहीन होने के कारण शेष है। उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार ने जन्म प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन एवं सड़क दुर्घटना में मृत होने वाले व्यक्ति के मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

## बच्ची को मां से छीनकर बिना तलाक लिए किया दूसरा विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहली पत्नी से उसकी बच्ची को छीनकर दूसरी महिला से विवाह करने के प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने आरोपी व्यक्ति को बच्ची और दूसरी महिला के साथ सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी महासमुंद के वेयर हाउस में दैनिक वेतनभोगी है।

आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग आरोपी की सेवा समाप्ति के लिए विभाग से अनुशंसा करेगा। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को महासमुंद के कलेक्टर सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत की थी कि उसका विवाह वर्ष 2008 में हुआ था। दोनों पति-पत्नी के 5 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष का बेटा है। किसी कारण से दोनों के बीच विवाद होने पर उसका पति उसकी बेटी को उससे छीनकर अलग रहने लगा और एक दूसरी महिला से विवाह कर लिया।

दूसरी महिला द्वारा उसके पति के साथ करवाचौथ मनाते हुए फोटो भी सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, जिससे यह पता चलता है कि दोनों ने विवाह कर लिया है। आयोग ने जब दूसरे विवाह के बारे में अनावेदक से पूछा, तो वह गलती छिपाने का प्रयास करने लगा। इस पर आयोग ने अनावेदक को आदेश दिया है कि 24 दिसंबर को रायपुर में इस मामले में सुनवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में डेयरी और वन उपज विकास के लिए एमओयू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने सहकारी विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के बीच डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए समझौता हुआ। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित और राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) के बीच एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल प्रदेश में डेयरी और वन उपज विकास को गति देने के साथ ही आदिवासी समुदाय और किसानों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है, जहां कुदरत ने अपनी संपदा को भरपूर मात्रा में बांटा है।

# नक्सल उन्मूलन की समीक्षा, शाह बोले- सशस्त्र बलों के साथ एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी




**मार्च 2026 तक नक्सलवाद पूर्णतः समाप्त करने संयुक्त प्रयास की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृहमंत्री के साथ बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने सभी बलों और एजेंसियों को मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूर्णतः समाप्त करने के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में संयुक्त प्रयास करने को कहा। उन्होंने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों के कारण पिछले एक साल में नक्सलियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, जो बहुत बड़ी सफलता है। नक्सलवाद के खत्मे के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और डीआरजी मिलकर एक साल में बहुत बड़े लक्ष्य की ओर बढ़े हैं और निश्चित रूप से मार्च 2026 से पहले ही हम नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। श्री शाह ने जवानों को 2024 में नक्सलवाद के खिलाफ मिली अप्रत्याशित सफलता पर बधाई दी और उन्हें इसी जोश के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एनआईए की प्रमुख भूमिका

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने बहुत अच्छे और समन्वित तरीके से काम किया है। मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में अभी हमें काफी काम करना बाकी है और इसमें एनआईए की प्रमुख भूमिका रहेगी।

### ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा

समीक्षा बैठक के पूर्व श्री शाह ने बीजापुर में गुण्डम फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया और बलों की ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की।


## नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या में 25 प्रतिशत का इजाफा

# धुंध बन रही काल, ठंड में बढ़े सड़क हादसे हर 10 एक्सीडेंट में चार की हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर से जनवरी के बीच रोड एक्सीडेंट में मृतकों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह रोड खाली होने से एक्सीडेंट के बाद घायलों को स्थानीय स्तर पर जो मदद मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती।

ज्यादातर दुर्घटनाएं तड़के तीन से पांच बजे के बीच होती हैं। ठंड के दिन में होने वाले एक्सीडेंट अन्य महीनों की तुलना में 25 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। इनमें दिसंबर तथा जनवरी में हादसे ज्यादा होने के साथ मौतें ज्यादा होती हैं। पिछले पांच वर्षों की तुलना में वर्ष 2023 रोड एक्सीडेंट के मामले में खौफनाक रहा है। पिछले वर्ष जनवरी 2023 में



रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या छह सौ के पार पहुंच गई थी। इस वर्ष जनवरी में पिछले पांच वर्षों की तुलना में मृतकों की संख्या छह सौ के करीब पहुंच गई। पांच वर्ष पूर्व 2019 की तुलना की जाए तो जनवरी में रोड एक्सीडेंट में मरने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी 2019 में रोड एक्सीडेंट में 449 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2023 में संख्या बढ़कर 603 हो गई है।

### इस वजह से एक्सीडेंट ज्यादा

एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार बारिश तथा गर्मी के दिनों की अपेक्षा नवंबर से जनवरी के बीच राज्य के उत्तरी इलाकों में एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। राज्य के उत्तरी जिलों में ठंड का असर ज्यादा रहता है। ज्यादा ठंड होने की वजह से कोहरे का असर ज्यादा रहता है। इसका कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। वाहन चालक सामने से आ रही गाड़ी को सही तरीके से देख नहीं पाता, इसके कारण एक्सीडेंट होता है।

### ठंड से बचने अधिक मात्रा में शराब का सेवन

ठंड के दिनों में कई वाहन चालक ठंड से बचने ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते हैं, जानकार ज्यादा शराब सेवन कर वाहन चलाने को भी हादसे का कारण बता रहे हैं। ठंड के दिनों में रात के समय वाहन चलाते समय वाहन चालक को नींद ज्यादा आती है, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं। **शीशा बंद होने से गाड़ी की स्पीड ज्यादा** : ठंड के दिनों में माल वाहक के साथ सभी तरह के छोटे-बड़े चारपहिया वाहन के ड्राइवर ठंड से बचने अपने वाहन का शीशा बंद कर वाहन चलाते हैं। शीशा बंद होने की वजह से गाड़ी की स्पीड ज्यादा रहती है। रात के समय वाहन चालक स्पीड की ओर ध्यान नहीं दे पाता, इस वजह से भी एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

# रेलवे मालगोदाम के श्रमिकों के लिए पंजीयन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के अन्य हिस्सों के रेलवे जोन के श्रमिकों की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के सदस्यों का श्रम पंजीयन शुरू किया गया।

रेलवे मालगोदाम के श्रमिकों जल्द न्याय मिले, इसको लेकर सबने पहल शुरू कर दी है। भारतीय रेलवे मालगोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. दिगंबर प्रसाद मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर श्रम पंजीयन का उद्घाटन किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि संगठन के महामंत्री अरुण कुमार पासवान ने जो सपना श्रमिकों के लिए देखा था, वह आज संपन्न होने जा रहा है। इस समारोह में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. दिगंबर प्रसाद मेहता ने श्रमिकों एवं सभी पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि पूरे देशभर में कार्यरत श्रमिकों की प्रत्येक जोनल, डिवीजन एवं गुड शेड पर आमसभा कर, पदाधिकारियों का चयन कर डाटा बेस गुड शेड से लेकर जोनल स्तर तक जमा करने का निर्देश जारी किया। आगे उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाओं को भी श्रमिकों के हित में जल्द लागू किया जा सके। इस कार्यक्रम में हिम बहादुर सोनार, हेमंत कुमार साहू, कोकिल कंठ गोगोई, संतोष घोराट, सुनील पाटिल सहित छत्तीसगढ़ राज्य के जोनल, डिवीजन, गोदामों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम-आश्रय गृहों में बुजुर्गों व बच्चों को शॉल छड़ी और मिठाई वितरित

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम एवं आश्रय गृहों में बुजुर्गों एवं बच्चों को शॉल, छड़ी एवं मिठाईयों का वितरण किया गया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के समस्त स्वैच्छिक संस्थाओं वृद्धाश्रमों, प्रशामक गृह, घरौंदा आश्रय गृह में पहुँचकर वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों से मुलाकात कर शॉल, श्रीफल, छड़ी एवं मिठाईयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर आश्रय स्थलों के बुजुर्गों एवं दिव्यांग बच्चों के अलावा समाज कल्याण विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनदर्शन पहुंचे नागरिक, बताई समस्या



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके माँगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अचौद निवासी तिलक राम ने वृद्धा पेंशन प्रदान करने एवं ग्राम चौरेल के ग्रामीणों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अन्नुटोला निवासी गणेशराम कुमेटी ने क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने, बालोद विकासखण्ड के ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों ने निस्तारी के लिए तालाब की मांग की। इस तरह संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष कुल 70 आवेदकों ने उनके माँगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के माँगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा भी उपस्थित थे।

### लगातार छोड़ा जा रहा गंदा पानी और वेस्ट मटेरियल, दलदल में हो रही तब्दील

# जिले की जीवनदायनी नदी तांदुला का अस्तित्व संकट में, पानी हो रहा प्रदूषित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की जीवनदायनी नदी तांदुला इन दिनों लोगों की लापरवाही के कारण गंदगी से भरी पड़ी है। जहाँ बालोद नगर से निकलने वाला गंदा पानी, नदी किनारे स्थित लाल ईट के भट्ठे का मलबा, क्षेत्र में स्थित राईस मिलों का गंदा पानी तांदुला नदी में मिलकर स्वच्छ निर्मल जल को प्रदूषित कर रहा है। इसके संरक्षण के लिए विभिन्न संस्थान और प्रशासन द्वारा सफाई की बात की जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में इसे कितना संरक्षित किया गया है, इसकी पोल भी खुल जाती है, जो जिलेवासियों से छिपी नहीं है।

तांदुला नदी का दो वर्ष पूर्व जिला प्रशासन द्वारा आत्याधुनिक मशीनों से साफ सफाई कराने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि अब प्रशासन इस जीवनदायनी नदी की ओर ध्यान देगी, लेकिन वही गलतियां दोबारा दोहराई जाने के कारण तांदुला नदी पुनः गंदा होते जा रही है। तांदुला में शहर व गांवो से तथा राईस मिलों से निकलने वाले गंदे पानी पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने व स्वच्छता को लेकर कोई पहल नहीं करने के कारण तांदुला पुनः अपनी स्वच्छता की बाट जोह रहा है। हालांकि, अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा ने कहा कि मामले में जांच कर नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।



तस्वीरों में देखा जा सकता है कि किस प्रकार क्षेत्र की राईस मिल का दूषित गंदा पानी रामघाट के पास तांदुला नदी में गिर रहा है, जिसे तस्वीर में देखने पर झरने सा प्रतीत होता है, लेकिन इस गंदे पानी से उठ रही झाग से इसकी गंदगी का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी प्रकार गांवों का पानी भी तांदुला में ऐसे ही डाला जा रहा है, जिससे तांदुला दूषित हो रही है।

#### सैकड़ों गांवों के लिए जल का मुख्य स्रोत है तांदुला

जिला मुख्यालय के समीप स्थित तांदुला नदी का संरक्षण बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि इस नदी के जल से जिले के सैकड़ों गाँव जुड़े हुए हैं। यहां के लिए मुख्य जल स्रोत तांदुला नदी है, जो लोगों की लापरवाही के कारण प्रदूषित हो रही है। जहाँ पर शहर और गाँव के गंदे पानी को निकासी नालियों के माध्यम से जोड़ कर इस नदी को प्रदूषित किया जा रहा है। वहीं, इस नदी में प्रदूषित जल के साथ ही जलकुम्भी और विभिन्न प्रकार के जलीय पौधे विकसित हो गए हैं, जो प्रशासन की लापरवाही और अनदेखी के कारण लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

#### पर्यावरण संरक्षण खानापूर्ति का जरिया

जिले की जीवनदायनी नदी तांदुला की प्राकृतिक सौंदर्यता को बचाना पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत जरूरी है। इसके कारण शासन प्रशासन और विभिन्न संस्थानों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत नदी को बचाने की मुहिम कुछ दिन या कुछ घंटे के लिए चलाया जाता है। इस मुहिम से बदलाव की उम्मीद करने वाले भी कुछ दिन नदी की सफाई कर लोगों को जोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन अब तक कोई भी संस्थान इस पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सफलता अर्जित नहीं कर पाया है। तांदुला नदी का संरक्षण सिर्फ फोटो ग्रॉफी और वाहवाही तक ही सीमित रहने के कारण तांदुला नदी का सौंदर्य अब दलदल में तब्दील होने लगा है।

# निर्धारित समय पर पूर्ण करें योजनाओं का क्रियान्वयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

- समय–सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

चन्द्रवाल ने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों, लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेरजेंटेशन के माध्यम से जानकारी ली। इस दौरान चन्द्रवाल ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को शिविर आयोजित कर जिले में शेष रह गए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जल जतन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल संरक्षण हेतु जल संचयन, वाटर शेड प्रबंधन एवं किसानों को धान के बदले गन्ना, गेंहूँ, मक्का, चना के उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने आम जनता की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन तक अपना सुझाव, शिकायत और प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करने हेतु व्हाट्सएप्प सुविधा 'पहल' में प्राप्त प्रकरणों के संबंध में विभागवार जानकारी ली।

उन्होंने प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के समय सीमा से प्रकरणों की बारी–बारी से समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सेवा सहकारी समिति सुरपा में किया गया किसानों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सहकारी समिति सुरपा में किसानों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे, अध्यक्षता सोसायटी सुरपा के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि भाजपा किसानों की तकलीफ को समझती है। किसानों को लाभान्वित करने के लिए ही 3100 रुपए क्विंटल धान और 21 क्विंटल धान की सीमा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि किसान भी मिसगाइड करने वाले लोगों को समझ चुकी है। किसी स्वार्थ परस्त लोगों का गुमराह नीति अब काम नहीं आएगी भाजपा वादा निभाने में खरा है, किसान समझ चुके हैं। प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ने कहा कि किसानों का निर्धारित सीमा में पूरा धान खरीदा जाएगा, भ्रमित करने वालों से सावधान रहें। धान खरीदी के लिए पर्याप्त समय है।

टोकन की आनलाइन और ऑफ लाइन दोनों सुविधा उपलब्ध है। प्रक्रिया अनुरूप धान विक्रय करने में किसान सहयोग करें। समस्या आने पर अवगत कराएं, सब मिलकर उसका हल निकाल ही लेंगे। कार्यक्रम में लाल कुमार साहू, अश्वनी साहू, नरेंद्र सेन, टीकाराम साहू, मोहनलाल साहू, देवलाल जोशी, तोरण साहू, डोमार सिंह साहू, पन्नालाल, विनय कुमार साहू, स्टाफ चंदूलाल टंडन, प्रभारी अशोक पटेल, पोषण लाल, प्रमोद साहू, हेमंत पटेल, तुषात टंडन, पन्ना लाल चौकीदार व किसान उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दी शासन की योजनाओं क जानकारी




**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में प्राचार्य डॉ रोशन आरा के निर्देशन एवं एनएसएस प्रभारी पुरुषोत्तम भुआर्य के नेतृत्व में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने तथा सुशासन के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

विदित हो कि राज्य सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत क्रमशः साइकिल रैली, संगोष्ठी, पोस्टर तथा स्लोगन, वाद विवाद तथा अंतिम दिवस में सुशासन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुशासन के संबंध में जानकारी देते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, हाट बाजार क्लिनिक योजना, टोकन तुंहर हाथ योजना तथा चल रहे विभिन्न योजनाओं का मंचीय प्रदर्शन किया गया।

- सुशासन कार्यक्रम के अंतिम दिन शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

ज्योति सिन्हा, श्रुति पटेल, पूजा ठाकुर, मानसी जगनायक, वेणुका कलिहारी, अंजू तारम, सोनिया युईके, लालिमा चुरेंद्र, टिकेश्वर तारम, शैलबाला, सोनाली साहू, भुनेश्वरी जागृति सिन्हा, मोनिका गोरे, सुमित्रा, डीकेश्वरी, ललिता चुरेंद्र आदि छात्र-छात्राएं शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन नंद किशोर सिन्हा (कार्यक्रम संयोजक) देवानंद वर्मा (सहसंयोजक)के नेतृत्व में किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, कर्मचारी गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों को क्षमता विकास के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक व्यापक क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों जैसे डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और कौशल-आधारित शिक्षा के लिए प्रशिक्षित करना। शिक्षा में नवाचार और समावेशी शिक्षण को प्रोत्साहित करना। हरित और टिकाऊ शिक्षा के प्रति शिक्षकों को जागरूक बनाना। नवा जतन, शिक्षा नीति 2020, अति प्रभावशाली व्यक्तित्व निर्माण। आदि प्रमुख विषयों के उद्देश्य को लेकर वृहद रूप में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में बालोद जिले के विभिन्न पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया।

- एससीईआरटी रायपुर में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

प्रशिक्षण में विशेषज्ञ वक्ताओं ने डिजिटल उपकरणों के उपयोग, छात्र-केंद्रित शिक्षा, और पर्यावरण-अनुकूल शिक्षण पद्धतियों पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक विषयों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के तरीकों से परिचित कराया। व्यक्तिगत विकास योजनाओं का भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम श्री विद्यालय के शिक्षक हमारे देश के भविष्य निर्माता हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें नई तकनीकों और शिक्षण पद्धतियों के साथ छात्रों के विकास में सहयोग करेगा। यह प्रशिक्षण आगामी तिथियों में चरणबद्ध तरीके से अन्य जिलों के शिक्षकों के लिए भी आयोजित किया जाएगा। जिला बालोद के पीएम श्री डौंडी लोहारा, पीएम श्री सम्बलपुर, पीएम श्री बालोद, पीएम श्री जगतरा, पीएम श्री गुण्डरदेही, पीएम श्री सिरसिदा, पीएम श्री शिकारीपारा बालोद,पीएम श्री भिरई,एवं पीएम श्री आड़ेझर विद्यालय के शिक्षकगण दो चरणों के प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण के उपरांत आगामी तिथियां में ऑनलाइन भी प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

## पेज 11 के शेष

### मतदाता सूची में छेड़छाड़ ...

शिकायतकर्ताओं ने सचिव को तत्काल पद से बर्खास्त करने की मांग की है। साथ ही न्याय नहीं मिलने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की भी चेतावनी दी है। निर्वाचन नामावली में छेड़छाड़ को लेकर सचिव के खिलाफ नवागढ़ एसडीएम एवं जनपद पंचायत नवागढ़ में हुए शिकायत में तीन बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होंने पंचायत सचिव संतोष राजपूत के इस कृत्य की गहन जांच कराने, उनके विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा तत्काल प्रभाव से उनके पद से बर्खास्त करने की मांग की है।

## भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए गंभीरता से करें प्रयास : चंद्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में 'जल जतन अभियान' के अंतर्गत चल रहे गतिविधियों की समीक्षा बैठक सोमवार 16 दिसंबर को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'जल जतन अभियान' के प्रगति के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बारी–बारी से चर्चा कर 'जल जतन अभियान' अंतर्गत जल प्रबंधन द्वारा जल संरक्षण हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड में 'जल जतन अभियान' अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गुरूर विकासखण्ड में ग्राउण्ड लेवल वाटर को बढ़ाने के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेमी एवं क्रिटिकल जोन चिह्नित क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने हेतु वाटर शेड प्रबंधन एवं जल संचयन के कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड के प्रभावित ग्रामों में कृषक चौपाल के आयोजन के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में चन्द्रवाल ने कृषकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने जिले के विभिन्न स्थानों में लगाए गए कृषक जन चौपालों की भी समीक्षा की। उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के चिह्नित स्थानों पर जन चौपाल लगाकर किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ना, गेंहूँ, मक्का, चना, दलहन, तिलहन एवं शाक–सब्जी का उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जल प्रबंधन द्वारा जल संरक्षण के प्रति आम जनता में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे 'जल जतन अभियान' का संचालन किया जा रहा है। जिससे कि भविष्य में जिले में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो सके एवं घटते जल स्तर को रोकने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सभी संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।









## खबर संक्षेप



### मानव अधिकार दिवस पर हुई ऑनलाइन गोष्ठी

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस व शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर मुझे है ये अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत उषा भट्ट द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार यादव, ओपी कौशिक रतनपुरिहा, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, विंध्यवासिनी पांडेय, रामकुमार पटेल, डॉ. ज्योति किरण चंद्राकर, मदनलाल तोमर, हरमन कुमार बघेल, किरण शर्मा, राजीव लोचन कश्यप, मोहित कुमार शर्मा, रेखा पात्रे, हेमन्त कुमार साहू, श्यामलाल कोर्राम, पुष्पा पारेश्वर, गणेश श्रीवास ने अपने विचार व गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. देवांगन ने किया।

### मार्री बंगला स्कूल के बच्चों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**देवरी बंगला।** ग्राम मार्री बंगला के शासकीय माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के स्कूल के बच्चों ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। इसके लिए गली मोहल्लों में घूम कर लोगों को अवगत कराया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खूब लाल साहू ने बताया कि इस दौरान प्रधान पाठक श्री ठाकुर, तिवारी मैडम, गौर मैडम, देवांगन मैडम, कुलदीप मैडम, चौरे मैडम एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास जयंती व मड़ई-मेला 21 को

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में 21 दिसंबर को मड़ई-मेला व परम पूज्य गुरु घासीदास जी की 268 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सरपंच व सेवा सहकारी समिति परसदा के अध्यक्ष कुलदीप साहू और नवयुवक सतनाम समिति के अध्यक्ष कमलेश सिरमौर ने बताया कि दोपहर 12 बजे से मंगल चौका आरती का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे गुरु घासीदास बाबा जी की पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। चौका आरती का समापन 7 बजे होगा। रात्रि कार्यक्रम 9 बजे से संगीतमय नाच पार्टी ग्राम रानीदाहर (कबीरधाम) द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

### मोबाइल छीनने वाला बलौदाबाजार से गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने बलौदा बाजार जाकर पकड़ लाई। मोबाइल का डम्प नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस कर आरोपी तक पुलिस पहुंची। सुपेला पुलिस ने बताया कि 28 सितंबर को गांधी नगर शिव मंदिर कोसा नगर सुपेला निवासी दीपाली श्याम कुंवर ने शिकायत किया कि नर्सिंग कालेज से अपने घर जा रही थी। इस दौरान एक युवक गांधी नगर जाने का रास्ता पूछकर युवती के हाथ में रखे बैग में मोबाईल था। उसे छिनकर फरार हो गया। आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस में की। इस दौरान मोबाइल का डम्प नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस किया। संदेही केशली सुहेला बलौदा बाजार निवासी गजानंद बंजारे उर्फ धरमचंद के बारे में पता चला। पुलिस तुरंत आरोपी के पते पर पहुंची उसे पकडकर भिलाई लेकर आई।

### विद्यार्थियों का किया जा रहा नेत्र परीक्षण

**बालोद।** जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण ईकाई जिला बालोद अंतर्गत जिला में 16 से 21 दिसंबर तक बाल नेत्र सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी के निर्देशानुसार व जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे कार्यक्रम किया गया हैं।

## जनदर्शन : कुछ आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण

# अपर कलेक्टर प्रकाश ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, मिले 32 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज ने मंगलवार कलेक्टोरेट सभाकक्ष आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जन चौपाल में अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।

जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे लोगों में से तहसील बेरला के ग्राम रवेली निवासी राम बगस ने भूमि पंजीयन के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम करमतरा निवासी रामउ सिंह ने फसल छतिपूर्ति दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ही ग्राम ढ़ोलिया निवासी छोटू साहू ने बैटरी चलित ट्राई साइकल दिलाने के लिए आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ही ग्राम बहेरा निवासी साधन बाई ने धान की फसल को अवैध तरीके से काटकर ले जाने के संबध में आवेदन दिया। तहसील नांदघाट के ग्राम नारायणपुर के समस्त ग्रामवासी ने महामाया समिति की जमीन को कब्जामुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा के ग्राम नवागांव निवासी मालती ने महतारी वंदन योजना के तहत राशि प्राप्त नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया।



**विभिन्न मांगों के संबंध में दिए आवेदन**

तहसील थानखम्हरिया के ग्राम साजन निवासी महेन्द्र पटेल ने हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मौत हो जाने उपरांत अर्थिक सहायता राशि दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। अपर कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश : विधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में महान संत गुरु घासीदास जयंती के एक दिन पूर्व बच्चों के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चित्रकला और प्रश्नोत्तरी शामिल किया गए। इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिए। बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बाबा जी की जीवनी से परिचित कराया। बच्चों को बताया कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा में गिरौदपुरी नाम का धाम है, जहाँ पर बाबा जी का जन्म हुआ था। गिरौदपुरी धाम सतनामी समाज सहित सभी मानव के लिए आज एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बन गया है। जहां देश विदेश से लोग इस पावन भूमि का दर्शन के लिए आते हैं और यहाँ की पावन मिट्टी को चन्दन समझकर तिलक लगाते हैं। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा घासीदास के जीवनी से संबंधित प्रश्न पूछा गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चे उत्साह से हिस्सा लिया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बाबा जी की जयंती पर संकल्प लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि संत बाबा गुरुघासी दास के बताये हुए मार्ग पर चलकर, सदा सत्य मार्ग में चलकर हम सभी अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। बाबाजी ने मनखे-मनखे एक समान का सुंदर संदेश दिया। हम सभी को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रधान पाठिका आशा कुजूर ने बच्चों को बाबा जी की जयंती पर शुभकामनाएं दी।

■ शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में हुआ कार्यक्रम

# शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

## नगर में मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में अग्रवाल समाज ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन व अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त प्रयास से नगर में मथुरादास गुलाबचंद सिंघानिया धर्मशाला में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा के इस प्रेरणादायक आयोजन में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 52 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के महत्व को उजागर करना और लोगों को इसके प्रति प्रेरित करना था। आयोजन में विशेष रूप से डॉक्टर आर.पी. शर्मा ने बताया, "रक्तदान महादान है। यह न केवल जरूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। सभी रक्तदाताओं को आयोजक परिवार द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। अग्रवाल सभा के प्रमुख आशीष बंसल ने कहा, "इस शिविर ने समाज और नगरवासियों को एकजुट होकर सेवा कार्य करने का अवसर दिया। हमें गर्व है कि यह आयोजन लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करने में सफल रहा

कार्यक्रम के अवसर पर लक्ष्मी वरदान दिवस पर रूद्रेश अग्रवाल सह पत्नीक कल्पना अग्रवाल द्वारा पूजा-अर्चना भी की गई। शिविर में डॉक्टर भुनेश देवांगन, कोमल साहू, मनीषा साहू, प्रनेश जायसवाल, दीप्ति दास, सोनू पटेल, जागृति पटेल, और नंदिनी वर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही, मारवाड़ी सेवा मंच और अग्रवाल सभा के सदस्य जैसे विकास बंसल, अंकित बंसल, अतुल सिंघानिया, साकेत अग्रवाल, राम अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सोमराज बिंदल, आशुतोष सिंघानिया, पंकज अग्रवाल, और विवेक डोकानियां ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, सुनीता अग्रवाल, नेहा केडिया, सुरेंद्र सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, और आशीष बंसल ने भी आयोजन में भाग लेकर इसे यादगार बनाया।

# किसान कांग्रेस ने राज्य सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी



मंगलवार को दाढ़ी कृषि ऊपज मंडी के सामने किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी अंजोर दास घृतलहरे की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व किसानों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

■ दाढ़ी कृषि ऊपज मंडी के सामने किया धरना-प्रदर्शन

धरने में किसान कांग्रेस के जिला प्रभारी घृतलहरे ने कहा कि भाजपा सरकार के एक साल में ही किसान बेहाल हो गए। भाजपा सरकार का 3100 क्विंटल धान खरीदी में पसीना छूट रहा है, जिसके चलते सरकार विभिन्न दिशा निर्देश जारी कर धान खरीदने रुकावट उत्पन्न कर रही है। खाद्य मंत्री का गृह जिले होने बावजूद अधिकतर सोसाइटी में धान खरीदी बंद होने के कगार पर पहुंच गई है।

किसानों को बारदाने की कमी झेलनी पड़ रही है, वहीं टोकन की अव्यवहारिक अव्यस्था का सामना करना पड़ रहा है। किसान भाइयों का 1 से 2.5 किलो तक जहां नुकसान हो रहा है। वहीं, धान उठाव का समुचित व्यवस्था ना होने से आवक धान के लिए जगह का अभाव है। कांग्रेसी नेता मोंटू तिवारी ने कहा कि भूपेश बघेल के शासनकाल में सभी किसान खुशहाल थे। शिशिर कुमार दुबे ने कहा कि किसान वर्ग को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार धोखा दे रही है। समिति में उठाव नहीं होने के कारण कई समितियों में धान खरीदी करने पर नोटिस बोर्ड लगा दिया है यदी मौसम बदले तो किसानों को नुकसानी की भरपाई कौन करेगा? धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से अंजोर दास, मोंटू तिवारी, शिशिर कुमार दुबे, ओम गर्ग, जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी व किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



समाधान आईटीआई में अंतर क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित हुआ। यह प्रतियोगिता बेमेतरा जिले के समाधान आईटीआई एवं सृजन आईटीआई के विद्यार्थियों के मध्य हुआ। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने प्रतियोगिता के उद्घाटन किया। वहीं, डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक खेलने की शुभकामना दी। भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा ने जीवन में खेल के महत्व से अवगत कराया। भारत बम्बू मिशन, पुणे कर पर्सन राहुल देशमुख ने बताया कि खेल हमारे जीवन का एक अमूल्य हिस्सा है, इससे हमें सीखने का व्यावहारिक ज्ञान व अनुभव प्राप्त होता है। आईटीआई की प्राचार्या आशा झा ने विद्यार्थियों को अनुशासन व नियमों का पालन के अनुरूप खेलने के लिए अभिप्रेरित किया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल ने विद्यार्थियों को खेल के नियम, प्रोटोकॉल एवं अनुशासन से परिचित कराया। कार्यक्रम को प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, सृजन आईटीआई के अधीक्षक चोवराम वर्मा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, सृजन आईटीआई से अधीक्षक चोवाराम वर्मा, समाधान आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी व ट्रेनिंग ऑफिसर संतकुमार, तुकाराम जोशी थे। मंच संचालन आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं ट्रेनिंग ऑफिसर हुतेन्द्र कुमार सिन्हा व रितेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। क्रिकेट, खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम को मोमेंट से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सृजन आईटीआई से ट्रेनिंग ऑफिसर डिकेश यदु एवं पीतांबर झा, प्रणय सिंह राजपूत व शुभम गजभिये सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

■ समाधान आईटीआई में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

**ये रहे विजेता :** प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ बालिका प्रतियोगिता में समाधान आईटीआई से गामिनी प्रथम व सृजन आईटीआई से अनुपा एक्का द्वितीय तथा 100 मीटर दौड़ बालक प्रतियोगिता में समाधान आईटीआई से दीनु निषाद प्रथम व कोमल द्वितीय, लम्बी कूद बालिका में समाधान आईटीआई से गामिनी प्रथम व सृजन आईटीआई से अनुपा एक्का द्वितीय तथा लम्बी कूद बालक में समाधान आईटीआई अजय साहू प्रथम व सृजन आईटीआई से सूरज द्वितीय, तवा फेंक बालिका में समाधान आईटीआई से अंजनी प्रथम व सृजन आईटीआई से राजेश्वरी द्वितीय, तवा फेक बालक में समाधान आईटीआई से युगल प्रथम व सृजन आईटीआई से गुलाब द्वितीय, गोला फेक बालिका में समाधान आईटीआई से गामिनी प्रथम व सृजन आईटीआई से राजेश्वरी वर्मा, गोला फेक गोला फेक बालक में समाधान आईटीआई से भूपेंद्र साहू प्रथम व सृजन आईटीआई से मनीष द्वितीय, कबड्डी प्रतियोगिता में समाधान आईटीआई विजेता व सृजन आईटीआई उपविजेता, खो खो प्रतियोगिता में समाधान आईटीआई विजेता व सृजन आईटीआई उपविजेता, क्रिकेट में समाधान आईटीआई विजेता व सृजन आईटीआई उपविजेता रहे।

# बीज निगम के प्रक्रिया केन्द्र मोहगांव में बाउंड्रीवाल और पुल का अभाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम कार्यालय अंतर्गत ग्राम मोहगांव स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र अपने निर्माण पश्चात से ही एक अहम बुनियादी समस्या से जूझ रहा है। बीज निगम के इस कार्यालय के परिसर में एक तो किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा या बाउंड्रीवाल नहीं होने से विभिन्न तरह की परेशानियों से ऑफिस के स्टॉफ को सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर परिसर में दाखिल होने के पूर्व ही नाले पर किसी प्रकार का सेतु प्रबन्धन नहीं होने से अक्सर गाड़ी के फंसने या हादसा होने का खतरा बना रहता है। बता दें कि यहां प्रतिदिन उन्नत किस्म के बीज बेचने व खरीदने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों किसानों का निरंतर आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन बीज निगम के इस नवीन बीज प्रक्रिया केन्द्र में अहाता या दीवार बनाने एवं नाले पर छोटा पुल बनाने को लेकर प्रयास नहीं किया जा रहा है। इस सम्बंध में इस बीज निगम के प्रक्रिया केंद्र के प्रबंधक भरत यादव ने बताया कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए सड़क किनारे एंट्री गेट के पास नाले के ऊपर एक ब्रिज एवं परिसर के चारों तरफ बाउंड्रीवाल की मांग को लेकर आवेदन को शासन-प्रशासन को दिया है, जिस पर जल्द ही स्वीकृति मिलने एवं निर्माण की व्यवस्था का इंतज़ार है।

## अंधियाटोला में आयोजित एनएसएस शिविर में हुई बौद्धिक परिचर्चा

# युवा शक्ति को सही दिशा में नियोजित करना ही सबसे बड़ा युगधर्म : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजन के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला द्वारा ग्राम अंधियाटोला में 14 से 20 दिसंबर तक सात दिवसीय शिविर लगाया गया है। शिविर के दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया जा रहा है।

इसी क्रम में 16 दिसंबर को बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष अतिथि गायत्री परिवार के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि युवा जागरण से ही राष्ट्र जागरण संभव है। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी ही हम सबका आदर्श होना चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा कि असंभव जिसके शब्दकोश में नहीं, जो बाधाओं को चीर कर अपना मार्ग बनाता है, जो परिस्थितियों का दास नहीं, बल्कि स्वयं निर्माता, नियंत्रणकर्ता एवं स्वामी है। जो उमंग उत्साह, जोश से जीता व सुनहरे भविष्य के सपने देखता है। जो स्वयं सब कुछ करके गौरव अनुभव करता है और विश्व में कुछ अनूठा करना चाहता है वही युवा है। श्री सिन्हा ने कहा कि युवा शक्ति को सही दिशा में नियोजित करना ही सबसे बड़ा युगधर्म है।

### धर्म अध्यात्म के मार्ग पर चलना आवश्यक : लोचनराम

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोचन राम साहू ने कहा कि आज युवा वर्ग तनाव से ग्रसित हो रहा है, जिससे निजात पाने के लिए धर्म अध्यात्म के मार्ग पर चलना अतिआवश्यक हो गया है। इसी क्षेत्र में गायत्री परिवार द्वारा पूरे राष्ट्र में युवा जागरण शिविर भी चलाया जा रहा है। उपस्थित शिविरार्थियों को विचार क्रांति साहित्य वितरित किया गया। आयोजन में विशेष रूप से विद्यालय के शिक्षक एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

